# अर्द्धवार्षिक परीक्षा

समयः2½ घण्टे | विषय-हिन्दी | पूर्णांकः80

कक्षा-8

नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य है।

प्र.1. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखित। 8

यह सही है कि इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बना है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह और भोले-भाले श्रमजीवी पिस रहे हैं और झूठ और फरेब का कारोबार करने वाले फल-फूल रहे हैं ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझ जाने लगा है। सच्चाई केवल भीरू,और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है।

क) आजकल कैसे लोग पिस रहे हैं?

ख) आजकल कौन से लोग फल-फूल रहे हैं?

ग) वर्तमान समय में किसे मूर्खता समझा जाता है?

घ) बेबस, श्रमजीवी, जीविका में से दो शब्दों के अर्थ लिखिए।

प्र.2. निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ सहित अर्थ लिखिए। 10

पक्षी और बादल
ये भगवान के डाकिए हैं,
जो एक महादेश से
दूसरे महादेश को जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पाते हैं
मगर उनकी लाई चिट्टियाँ
पेड़, पौधे, पानी और पहाड़
बाँधते हैं।

प्र.3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 10

क) पक्षी और बादल द्वारा लाइ गई चिट्टियों को कौन-कौन पढ़ पाते हैं?

ख) पत्र जैसा संतोष फोन या एसएसएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता?

ग) कामचोर कहानी क्या संदेश देती है?

घ) सुदामा की दीन दशा देखकर कृष्ण की क्या मनोदशा हुई?

ड.) 'तलवार का महत्व होता है म्यान का नहीं' उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं?

https://www.ukboardonline.com

प्र.4. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए। 8

क) दर्शन करने योग्य-

ख) साथ-साथ पढ़ने वाला-

ग) गोद लिया पुत्र -

घ) जीवन भर रहने वाला-

प्र.5. किन्हीं तीन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखो। 8

गणेश, आकाश, अग्नि, पृथ्वी

प्र.6. अपनी पाठ्य पुस्तक से कंठस्थ की गई कविता की आठ पंक्ति लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आई हो। https://www.ukboardonline.com 8

प्र.7. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को शुल्क मुक्ति हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 6

प्र.8. विलोम शब्द लिखिए। 5

आदान, आस्तिक, अमृत, प्राचीन, जटिल

प्र.9. सन्धि की परिभाषा लिखिए तथा इसके प्रकार लिखिए। 3

प्र.10. भारत की खोज पाठ्य पुस्तक के आधारपर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 8

क) प्राचीन भारत के दो महाकाव्यों के नाम लिखिए।

ख) नेहरू जी कितनी बार जेल यात्रा कर चुके थे?

ग) नेहरू जी ने भारत का तलाश किन-किन साधनों से करनी चाही?

घ) भारत का नाम किसके नाम पर पड़ा?

प्र.11. किसी एक विषय पर 150 शब्दों का निबन्ध लिखिए। 6

क) स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त)

ख) किसी मेले का वर्णन

ग) होली

https://www.ukboardonline.com